राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश
लखनऊ – 226027

संख्या – ई– 3355/जी०एस०
दिनांक : 28 मई, 2021

कार्यालय ज्ञाप

विषय : विभिन्न राज्य विश्वविद्यालयों ने छात्रों को वितरण हेतु लम्बित उपाधियों/डिग्री के त्वरित वितरण हेतु नीति निर्धारण हेतु समिति का गठन।

विभिन्न राज्य विश्वविद्यालयों से संकलित सूचना के आधार पर यह पाया गया है कि अनेक विश्वविद्यालयों में छात्रों को वितरण हेतु काफी अधिक संख्या में उपाधियाँ/डिग्री लम्बित पड़ी हुयी हैं। कई विश्वविद्यालयों में तो 10–15 वर्षों से अधिक पुरानी डिग्री वितरण हेतु शेष हैं। यह स्थिति आपत्तिजनक है।

आदर्श स्थिति में अपेक्षा यह है कि विश्वविद्यालयों में नियमित रूप से दीक्षान्त समारोह आयोजित किये जाये तथा दीक्षान्त के तत्काल बाद सभी सम्बन्धित छात्रों को उन्हें देय डिग्री वितरित कर दी जाये।

उक्त पृष्ठभूमि में सम्यक् विचारण हेतु माननीय कुलाधिपति/श्री राज्यपाल के अनुमोदन से निम्नानुसार एक समिति गठित की जाती है :–

1. अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल
2. कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय
3. कुलपति, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ
4. कुलपति, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
5. कुलपति, शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय
6. कुलपति, डा० भमराव आंबेदकर विश्वविद्यालय
7. कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय
8. कुलपति, भातखण्डे संगीत संस्थान (अभिमत) विश्वविद्यालय
9. कुलपति, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय
10. कुलपति, ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
11. विशेष कार्याधिकारी (शिक्षा) राजभवन, समिति के संयोजक

उक्त समिति से अपेक्षा की जाती है कि वह निम्न दो बिन्दुओं पर विचार करे :–

a) दीक्षान्त समारोह होने के तुरन्त बाद अविलम्ब विश्वविद्यालय के तथा उसके साथ सम्बद्ध सभी महाविद्यालयों के सभी छात्रों को उन्हें देय उपाधि/डिग्री का वितरण सुनिश्चित कराना।

b) वर्तमान में विश्वविद्यालय स्तर पर लम्बित छात्रों की पुरानी उपाधि/डिग्री के समयबद्ध वितरण हेतु रणनीति निर्धारण करना।

उक्त समिति से अपेक्षा है कि वह उपरोक्त दोनों बिन्दुओं पर विचार कर अपना अभिमत 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत करे।

(महेश कुमार गुप्ता)
अपर मुख्य सचिव श्री कुलाधिपति।

प्रतिलिपि समिति के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(महेश कुमार गुप्ता)
अपर मुख्य सचिव श्री कुलाधिपति।